आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 03.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून– जू में वन्य जीव सप्ताह का शुभारंभ किया। कहा– वन्य जीव हमले में जनहानि पर सहायता राशि बढ़ाकर 10 लाख रुपए की जाएगी।
- आकाशवाणी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम ने आज ग्यारह वर्ष पूरे किए।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा में दूसरे चरण की शहीद सम्मान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 10 अक्टूबर को शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद किए जाएंगे।

**<u>वन्य जीव सप्ताह</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून– जू में वन्य जीव सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के हमले में जनहानि पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की हरियाली और इसमें स्वच्छंद विचरण करते वन्य जीव, वर्ष भर देश–विदेश से आने वाले लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ ही राज्य सरकार वनों के प्राकृतिक स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने और वन्य जीवों को सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार, अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और प्रौद्योगिकी के बीच संतुलन स्थापित करते हुए विकास के साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है।

**<u>मन की बात 11 साल</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात ने आज अपने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। मन की बात का पहला एपिसोड तीन अक्टूबर, 2014 को विजयादशमी के अवसर पर प्रसारित किया गया था। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के 126वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह देश के कोने–कोने तक पहुंच चुका है। एक रिपोर्ट–

**<u>लड़ी धुरा महोत्सव</u>**

चम्पावत जिले में बाराकोट का प्रसिद्ध लड़ी धूरा महोत्सव शुरु हो गया है। सांस्कृतिक झांकियों के साथ इस महोत्सव का क्षेत्रीय विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव हमारी संस्कृति और परम्पराओं को जीवित रखने का कार्य करते हैं। लड़ी धूरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार जोशी ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित करने के साथ ही छात्र–छात्राओं और युवाओं को मंच प्रदान करना है।
सात अक्टूबर तक चलने वाले लड़ीधूरा महोत्सव में वाद–विवाद, निबन्ध, भाषण और ऐपण सहित विभिन्न शैक्षिक व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण भी किया जा रहा है।

## भाहीद सम्मान यात्रा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा जिले के गांधी पार्क चौघानपाटा से आज दूसरे चरण की शहीद सम्मान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्याल्दे, द्वाराहाट और ताड़ीखेत विकासखंडों से चार शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी को कलशों में संग्रहित कर जिला मुख्यालय लाया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने शहीद सम्मान यात्रा वाहन को गढ़वाल रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की पहचान सैनिक पृष्ठभूमि की है। श्री टम्टा ने कहा कि देहरादून के गुनियाल गांव में शौर्य स्थल– सैन्य धाम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी शहीद सैनिकों के घर–आंगन की मिट्टी स्थापित की जाएगी।

उधर, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान और अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने आज उत्तरकाशी कलेक्ट्रेट परिसर से शहीद सम्मान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है ग्राम बगासू के वीर सपूत रायचन्द असवाल और कुमराड़ा गांव के राईफल मैन शहीद शैलेन्द्र सिंह कठैत के घर आंगन से मिट्टी, कलश में भरकर सम्मान के साथ जिला मुख्यालय लाई गई थी, जिसे आज लैंसडाउन के लिए रवाना किया गया।

## हेमकुंड साहिब कपाट

चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 10 अक्टूबर को शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

हेमकुंड साहिब गोविंद घाट गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक, सरदार सेवा सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कपाट बंद होने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, हेमकुंड साहिब में अब तक 2 लाख 68 हजार से अधिक तीर्थयात्री मत्था टेक चुके हैं।

## खेलकूद प्रतियोगिता

बागेश्वर में पंडित बद्रीनाथ पांडे परिसर के खेल मैदान में आज जिला स्तरीय प्राथमिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरु हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विधायक पार्वती दास ने कहा कि खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है।

जिला खेल समन्वयक महिपाल गड़िया ने बताया कि प्रतियोगिता में तीनों ब्लॉकों के छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। दो दिनों तक अलग–अलग खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें एथलेटिक्स, कबड्डी, खो–खो, फुटबॉल और गोला फेंक प्रमुख हैं।

आज पहले दिन 100 मीटर दौड़, कबड्डी और खो–खो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।